विकास

एसोसिएशन और सिडबी के पदाधिकारियों की बैठक में लिया गया निर्णय

# सोलर ऊर्जा से रोशन होगा रामनगर औद्योगिक क्षेत्र

संवाद न्यूज एजेंसी

**वाराणसी।** अब रामनगर औद्योगिक क्षेत्र में सोलर ऊर्जा से इकाइयां चलेंगी। 300 उद्यमी सोलर पैनल लगवाएंगे। इनमें 42 उद्यमियों ने बुधवार को इसके लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के साथ एमओयू किया।

इससे एक महीने में चार मेगावाट बिजली की बचत होगी। इसके अलावा सिडबी के ओर से उद्यमियों को सोलर फाइनेंस के ब्याज दर पर दो प्रतिशत की अतिरिक्त सब्सिडी दी जाएगी।

सिडबी के उपमहाप्रबंधक रितेश कुमार ने रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक में इसकी घोषणा की। बैठक में 42 उद्यमियों ने तत्काल चार मेगावाट बिजली के लिए आवेदन किया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष देव भट्टाचार्य ने औद्योगिक क्षेत्र में 60 मेगावाट बिजली के कनेक्शन का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि बिजली किसी भी उद्यमी की लागत का बहुत ही महत्वपूर्ण भाग होता है। सोलर लग जाने से बिजली की बचत होगी और उद्यमियों के उत्पाद सस्ते होंगे। रामनगर में फेज -1 और फेज -2 के उद्यमी अपनी फैक्टरी के शेड पर सोलर पैनल लगवाएंगे और पूरे औद्योगिक क्षेत्र को ग्रीन सोलर एनर्जी बनाया जाएगा।

सिडबी के उपमहाप्रबंधक रितेश कुमार ने कहा कि बिजली के बिल में बचत की राशि से ही पांच वर्षों में सोलर की कीमत चुकता हो जाएगी। टाटा पावर एनर्जी लिमिटेड के जोनल हेड एसएम जाफर ने कहा कि सभी उद्यमियों के लिए बहुत ही कम रेट पर सोलर लगाया जाएगा।

कार्यक्रम में अजय राय, पंकज बिजलानी, परेश सिंह, त्रिभुवन सिंह, भारत जोटवानी समेत सिडबी के अधिकारी उपस्थित रहे।